Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार
# हाईवे चैनल
▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 97 ▫ रायपुर, शुक्रवार 1 मई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98



अरुण साव ने दी श्रमिक दिवस की बधाई, कांग्रेस के बोरे बासी दिवस और बैठक पर साधा निशाना

## श्रम कानूनों में परिवर्तन कर सरकार मजदूरों के हित में काम कर रही: उप मुख्यमंत्री साव

**रायपुर, 1 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव का श्रमिक दिवस और सुशासन तिहार को लेकर बयान सामने आया है। अरुण साव ने श्रमिक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि श्रमिकों को सुरक्षित वातावरण मिले इसके लिए सरकार काम कर रही है। इसी के साथ ही उन्होंने कांग्रेस के बोरे बासी दिवस, कांग्रेस की बैठक और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के दौरे को लेकर निशाना भी साधा है। उप



मुख्यमंत्री अरुण साव ने श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रमिकों के पसीने से विकसीत भारत का निर्माण हो रहा है। श्रम कानूनों में परिवर्तन कर सरकार उनके हित में काम कर रही हैं। श्रमिकों को सुरक्षित वातावरण मिले इसके लिए सरकार काम कर रही है। सुशासन तिहार को लेकर अरुण साव ने कहा कि आज से 10 जून तक सुशासन तिहार का आयोजन होने जा रहा है। निचले स्तर के अधिकारी से लेकर प्रदेश के मुखिया लोगों से मिलेंगे। साथ ही सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत भी जानेंगे। लोगों को किस तरह से लाभ मिल रहा है इसकी जानकारी लेंगे। वहीं उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जनता के हित में काम कर रहे हैं। सरकार आपके गांव तक पहुंच रही है। अपनी समस्या जरुर बताएं ताकि छत्तीसगढ़ विकसीत हो। अरुण साव ने कांग्रेस के बोरे बासी अभियान को लेकर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दिखावे की राजनीति की आदी रही है। बोरे बासी के घोटाले को जनता भूली नहीं। ये लोग काटा चम्मच से बोरे बासी खा रहे थे। प्रदेश के लोग नियमित रूप से बोरे बासी खाते हैं। यह कोई एक दिन का त्यौहार नहीं है। छत्तीसगढ़िया लोगों को बोरे बासी खिलाने का नाटक कांग्रेस बंद करे।

बंगाल में स्ट्रॉन्गरूम विवाद: ममता बनर्जी का 3 घंटे का धरना

## कहा- अगर ईवीएम से छेड़छाड़ हुई तो जीने- मरने की लड़ाई लड़ी जाएगी

**नई दिल्ली, 1 मई (न्यूज चैनल)।** देश के 5 बड़े राज्यों में 4 मई को चुनाव के नतीजे आने वाले हैं। इसी बीच पश्चिम बंगाल में मतगणना से पहले सियासी माहौल तनावपूर्ण हो गया है। बीते दिन यानि की गुरुवार देर शाम भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रॉन्गरूम में पोस्टल बैलेट के साथ कथित छेड़छाड़ को लेकर टीएमसी और चुनाव आयोग के बीच तीखा टकराव देखने को मिला। इस विवाद की शुरुआत तब हुई जब टीएमसी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर आरोप लगाया कि पार्टी प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में स्ट्रॉन्गरूम खोला गया है। टीएमसी नेता कुणाल घोष और शशि पांजा ने दावा किया कि उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई, जबकि वहां पोस्टल बैलेट और पिंक पेपर के साथ गतिविधि चल रही थी।



मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएम ममता बनर्जी खुद सखावत मेमोरियल स्कूल स्थित स्ट्रॉन्गरूम पहुंचीं, जहाँ वह करीब तीन घंटे तक जमी रहीं। यहां पर अधिकारियों से बातचीत के दौरान ममता ने आरोप लगाया कि शुरुआत में सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोका, लेकिन नियमों का हवाला देने के बाद उन्हें अंदर जाने दिया गया। सीएम ने इस मामले में समर्थकों से स्ट्रॉन्गरूम पर 24 घंटे नजर रखने को कहा और चेतावनी दी कि यदि ईवीएम के साथ कोई छेड़छाड़ हुई, तो पार्टी चुप नहीं बैठेगी। बढ़ते हंगामे के बीच चुनाव आयोग ने देर रात प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्थिति स्पष्ट की। आयोग ने टीएमसी के सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि स्ट्रॉन्गरूम के पास पोस्टल बैलेट की छंटनी की जा रही थी, जो चुनाव प्रक्रिया का एक सामान्य चरण है।

## प्रदेशभर में आज से सुशासन तिहार की शुरुआत सीएम साय समेत मंत्री-अफसर करेंगे जिलों का दौरा




**रायपुर, 1 मई (हाईवे चैनल)।** प्रदेशभर में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए सुशासन तिहार 2026 आज यानी शुक्रवार से शुरू होने जा रहा है. इस अभियान के तहत 10 जून तक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जन समस्या निवारण शिविर लगाए जाएंगे, जहां उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुनने के बाद समाधान किया जाएगा. अभियान के दौरान मुख्यमंत्री साय का हेलिकॉप्टर कहीं भी उतर सकता है. वह स्वयं विभिन्न जिलों का दौरा कर करेंगे. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जन शिकायतों का समयबद्ध निराकरण ही सुशासन की आधारशिला है. उन्होंने कहा कि आमजन को पारदर्शी, सरल और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने ली डिलीवरी बॉय की जान हेलमेट पहने रहने के बाद भी उड़े सिर के परखच्चे

**बलरामपुर, 1 मई (हाईवे चैनल)।** जिले के वाड्रफनगर में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। हादसा वाड्रफनगर के अंबेडकर चौक के समीप हुआ, जहां विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे का दुखद पहलू यह भी है कि डिलीवरी बॉय ने हेलमेट लगाया हुआ था, इसके बावजूद उसके सिर के परखच्चे उड़ गए।



मिली जानकारी के अनुसार, मृतक युवक की पहचान विकास देवांगन के रूप में हुई है, जो चलगली क्षेत्र के बड़का गांव का निवासी था। और वाड्रफनगर में रहकर डेलीवेरी कंपनी में कार्यकर्ता था। बताया जा रहा है कि विकास सामानों की डिलीवरी देने वाड्राफनगर से महेवा की ओर बाइक से निकला था। इसी दौरान अंबेडकर चौक के पास सामने से आ रही ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद ट्रक चालक युवक को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

## अम्लेश्वर स्थित खारून नदी में एक युवक की डूबने से मौत

**रायपुर/दुर्ग, 1 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के अम्लेश्वर स्थित खारुन नदी में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। कंट्रोल रूम दुर्ग को सूचना मिलने के बाद तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार, युवक नदी में डूब गया था, जिसके बाद जिला सेनानी नागेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची।

एसडीआरएफ प्रभारी धनीराम यादव के मार्गदर्शन में डिप डाइविंग एक्सपर्ट ओंकार और भानुप्रताप ने गहरे पानी में सर्च ऑपरेशन चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने युवक के शव को पानी से बाहर निकाला और पुलिस को सौंप दिया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में राजकुमार यादव, थानेश्वर, विनय, हेमराज, राजू महानंद, दिलीप और रमेश की भी अहम भूमिका रही। मृतक की पहचान मोहम्मद मोहिउद्दीन (उम्र 19 वर्ष) के रूप में हुई है, जो रायपुर के मौदहापारा क्षेत्र का निवासी था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## एसीएस के बाद आईएएस की पत्नी लिफ्ट में फंसी, करेंसी टॉवर के बाद पिथालिया कॉम्प्लेक्स में सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

**रायपुर, 1 मई (हाईवे चैनल)।** राजधानी के कमर्शियल बिल्डिंग्स में लगे लिफ्ट में सुरक्षा के इंतेजाम पर अब गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. करेंसी टॉवर की लिफ्ट में आईएएस ऋचा शर्मा के फंसने के बाद अब गुरुवार को फाफाडीह स्थित पिथालिया में एक आईएएस अधिकारी की पत्नी लिफ्ट में फंस गई. मौके पर हड़कंप मच गया. घटना लगभग सुबह 8 बजे के करीब की बताई जा रही है.

जानकारी के मुताबिक, आईएएस अधिकारी सिद्धार्थ कोमल परदेशी की पत्नी गार्गी परदेशी सुबह पिथालिया कॉम्प्लेक्स स्थित जिम में लिफ्ट से जा रही थी. इस बीच अचानक लिफ्ट खराब हो गई. बताया जा रहा है कि लिफ्ट में फंसे रहने से वे घबरा गई. इसके बाद परिवार और निगम अफसरों को सूचना मिली।

